कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 28.02.2025

विषयः- दो नफर अन्तर्जनपदीय शातिर चोर थाना लंका पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा कमिश्नरेट में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं अपराधियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही किये जाने हेतु दिए गए आदेशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी एवं सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी लंका के कुशल नेतृत्व में दिनांक 27.02.2025 को लौटूबीर मन्दिर के पास से 02 नफर अभियुक्तगण 01. सौरभ सिंह पुत्र राकेश कुमार सिंह निवासी ग्राम और पोस्ट खनज़ादी थाना चुनार मिर्जापुर उम्र 27 वर्ष, 02. श्याम बाबू उर्फ शिशु पुत्र गंगाराम सिंह निवासी ग्राम बगही पोस्ट बगही थाना चुनार जिला मिर्जापुर उम्र 29 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना विवरणः- दिनांक- 26.02.2025 को वादी मुकदमा की लिखित तहरीर के आधार पर थाना लंका पर मु0अ0सं0- 0071/2025 धारा- 303(2) बी0एन0एस0 बनाम अज्ञात पंजीकृत करते हुए माल मुल्जिमान की बरामदगी एवं गिरफ्तारी के क्रम में लंका पुलिस टीम द्वारा चेकिंग व तलाश के दौरान दिनांक 27.02.2025 को चोरी की बाइक के साथ दो नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

पंजीकृत अभियोग/आपराधिक इतिहास अभियुक्त सौरभ सिंह -

1. मु0अ0सं0 0071/2025 धारा 303(2)/317(2)/317(4) बी0एन0एस0 थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
2. मु0अ0सं0 300/2019 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना अलीनगर, जनपद चन्दौली।
3. मु0अ0सं0 422/2019 धारा 379/411/420 भा0द0वि0 थाना मुगल सराय, जनपद चन्दौली।
4. मु0अ0सं0 451/2019 धारा 379/411/420/467/468/471 भा0द0वि0 थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।
5. मु0अ0सं0 453/2019 धारा 41/411/414/420/467/468/471 भा0द0वि0 थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।
6. मु0अ0सं0 473/2019 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।
7. मु0अ0सं0 123/2018 धारा 363/366/504/506 भा0द0वि0 थाना कोतवाली चुनार, जनपद मिर्जापुर।

पंजीकृत अभियोग/ आपराधिक इतिहास अभियुक्त श्यामबाबू उर्फ शिशु -

1. मु0अ0सं0- 0071/2025 धारा- 303(2)/317(2)/317(4) बी0एन0एस0 थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

01. सौरभ सिंह पुत्र राकेश कुमार सिंह निवासी ग्राम और पोस्ट खनज़ादी थाना चुनार मिर्जापुर उम्र 27 वर्ष।
02. श्याम बाबू उर्फ शिशु पुत्र गंगाराम सिंह निवासी ग्राम बगही पोस्ट बगही थाना चुनार जिला मिर्जापुर उम्र 29 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक व घटनास्थल - दिनांक- 27.02.2025 स्थान- लौटूबीर मन्दिर के पास, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

विवरण बरामदगी- अभियुक्तगण के कब्जे से मु0अ0सं0 0071/2025 थाना लंका, कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित चोरी की मोटरसाइकिल पल्सर वाहन संख्या UP 63 AC 3491 बरामद।

विवरण पूछताछ- पकड़े गये अभियुक्तगण से पूछताछ करने पर बता रहे हैं कि यह मोटरसाइकिल चोरी की है जिसको हम दोनों ने मिलकर बी0एच0यू0 कैम्पस से चुराया था तथा पकड़े जाने के डर से इसके पार्ट पुर्जों को अलग-अलग करके बेचने वाले थे कि पकड़े गए। कड़ाई से पूछताछ पर अभियुक्त सौरभ सिंह द्वारा बताया गया कि साहब इससे पहले भी मैं चोरी के कई मामलों में जेल जा चुका हूँ तथा जेल से छूटने पर अपने शौक पूरे करने के लिए पार्किंग व सुनसान जगहों पर खड़े वाहनों को चुराकर ग्राहक ढूंढकर बेच देता हूँ।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

1. प्रभारी निरीक्षक श्री शिवाकान्त मिश्र, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री सौरभ तिवारी, चौकी प्रभारी बी0एच0यू0, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. आरक्षी बृजेश कुमार प्रजापति, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
4. आरक्षी फेकू वर्मा, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
5. आरक्षी आशीष कुमार तिवारी, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
6. आरक्षी कमल सिंह यादव, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।